# केन्द्रीय विद्यालय सीतापुर

# अर्धवर्षिक परीक्षा(2022-23)

# विषय- हिन्दी

**कक्षा-6 पूर्णांक:- 40**

**समय-2 घण्टे**

## प्रश्न (1)-अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गांधी जी ने हमेशा सभी को अपना कार्य स्वयं करने की शिक्षा दी। दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष करते हुए भी वे लोगो को सफाई आदि अपने सभी कार्य स्वयं करने की शिक्षा देते थे। उनके लिए 'काम' कोई भी छोटा नहीं था। विश्व के कर्मनिष्ट लोगों मे बाबा आमटे ,सुंदरलाल बहुगुणा, फादर डेमियन ऑफ मेलो का ,मदर टेरेसा,मार्टिन लूथर किंग के नाम सर्वोपरि हैं,जिन्होंने जनकल्याण में अपना जीवन लगा दिया। गांधी जी की जीवन-दृष्टि बहुत व्यापक थी। वे विश्व मे हर इंसान को ईश्वर का रूप समझते थे। इसलिए पूरा संसार आज भी उनको सम्मान की दृष्टि से देखता है। ( 1×5=5)

**(क)**- गांधी जी ने हमे क्या शिक्षा दी?

(i) अपना कार्य स्वयं करना

(ii) अपना कार्य नहीं करना

(iii) (i) और (ii) दोनों

(iv) इनमे से कोई नहीं

**(ख)**-विश्व के सर्वोपरि कर्मनिष्ट नाम कौन से हैं?

(i) बाबा आमटे

(ii) सुंदरलाल बहुगुणा

(iii) मदर टेरेसा

(iv)उपर्युक्त सभी

**(ग)-** गांधी जी की जीवन दृष्टि कैसी थी?

(i) संकुचित

(ii) समान

(iii) व्यापक

(iv) इनमे से कोई नहीं

**(घ)-** उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक कौन सा है?

(i) सफलता का मार्ग जन -कल्याण

(ii) सादा जीवन उच्च विचार

(iii) गांधी जी की व्यापक दृष्टि

(iv)उपर्युक्त सभी

**(ड.)'** सम्मान' शब्द का विलोम शब्द कौन सा है?

(i) अपमान

(ii) आदर

(iii) सत्कार

(iv) उपर्युक्त सभी

## प्रश्न (2)- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे।

(4×1=4)

**(क)** '<u>अमृत</u>' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

( i) अमिय

(ii) तुषार

(iii) तोय

(iv) सलिल

**(ख)** '<u>दयालु</u>' शब्द का विलोम शब्द है?

(i) अनुदार

(ii) निर्दयी

(iii) उचित

(iv) उदार

**(ग)** एक समान अर्थ वाले शब्दो को कहते हैं?

(i) विलोम

(ii) पर्यायवाची

(iii) एकार्थी

(iv) अनेकार्थी

**(घ)** 'जो गुप्त रखने के योग्य हो' के लिए एक शब्द?

(i) गोपनीय

(ii)तड़ाक

(iii) विहाग

(iv) नवजात

**प्रश्न** (3)- सर्वनाम किसे कहते हैं? (1)

**प्रश्न** (4)- संज्ञा किसे कहते हैं? (1)

**प्रश्न** (5)- 'बचपन' पाठ के लेखक का नाम लिखिये? (1)

**प्रश्न** (6)- लेखिका को रिज की याद क्यों आती है? (2)

**प्रश्न** (7)- **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दे।.**

**(2x5=10)**

आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं
दम नहीं लेते हैं जब तक बिलकुल ही
गोल न हो जाए
बिलकुल गोल
यह मरज आपका अच्छा ही नहीं होने में
आता है।

**प्रश्न (क)**-कवि और कविता का नाम लिखिए।

**(ख)**-चाँद घटता है तो कब तक घटता जाता है?

(ग)- चाँद बढ़ता है तो कब तक बढ़ता जाता है?

(घ)-लड़की चाँद के घटने -बढ़ने का क्या कारण सोचती है?

(ड.)- इस बीमार से चाँद को और क्या नुक्सान है?

प्रश्न (8)-हमे मेहनत से क्यूं नहीं डरना चाहिए? (2)

प्रश्न (9)-मिल जुल कर काम करने से क्या लाभ है? (2)

प्रश्न (10)- निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दे।. (2x3=6)

(क)- मोहन ने पिता के दफ्तर में क्या खाया था?

(ख)- स्कूल का काम पूरा करने के लिए मोहन को और कितनी छुट्टियां मिली?

(ग)- नागराजन के एल्बम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा था और क्यों?

(घ)- घमंडी शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखो।

(ड.)-लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?

## बालराम कथा

प्रश्न (11)-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिजिये।. ( 2x3=6)

(क)- मिथिला के राजा कौन थे? उनकी क्या प्रतिज्ञा थी?

(ख)- बारात के स्वागत के लिए जनकपुर को कैसे सजाया गया?

(ग)- राम वन जा रहे हैं यह समाचार सुनकर नगरवासियों पर क्या प्रभाव पड़ा?